

# जिले में जनगणना का सूचीकरण कार्य प्रारंभ

## कलेक्टर ने विधिवत किया शुभारंभ, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के घरों पर पहुंचे मालवीय

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी साकेत मालवीय द्वारा नगरपालिका अशोकनगर क्षेत्र स्थित टीचर कालोनी अशोकनगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम आंवरी माफी में औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस दौरान टीचर कालोनी अशोकनगर में मुकेश कुमार जैन एवं गंगाराम कुशवाह के घर पर पहुंच कर प्रगणक द्वारा कार्य कराकर जनगणना 2027 मकान सूचीकरण कार्य का शुभारंभ किया ।

इस अवसर पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और समय बद्ध तरीके से संपन्न किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विभिन्न योजनाओं का निर्माण और क्रियान्वयन किया जाता है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे घर-घर जाकर सही एवं सटीक जानकारी एकत्र करें, ताकि जिले का वास्तविक आंकड़ा सामने आ सके। कलेक्टर ने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे जनगणना कर्मियों को सही जानकारी देकर इस राष्ट्रीय कार्य में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सभी की सहभागिता से ही जनगणना 2027 को सफल बनाया जा सकता है। इस दौरान एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, तहसीलदार भारतेन्द्र यादव, सीएमओ विनोद उन्नीतान सहित जनगणना से जुडे अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।





# उपार्जन समिति की बैठक का आयोजन




**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में समर्थन मूल्य पर चना,मसूर, गेहूं उपार्जन कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य सुचारू, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

बैठक में कलेक्टर ने सभी उपार्जन केंद्रों पर व्यवस्थाओं की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि किसानों के लिए पेयजल, छाया, तौल कांटे, बारदानों की उपलब्धता एवं परिवहन व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों से निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही फसलों को उपार्जित किया जाए और किसी प्रकार की अनियमितता न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्रों पर उपार्जित फसलें खुले में न रहे यह इस आवश्यक व्यवस्थाएं रखी जा। बैठक में कलेक्टर ने भुगतान व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को उनकी उपज का भुगतान समय पर उनके खातों में सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने पंजीकृत किसानों की संख्या, उपार्जन की मात्रा एवं उठाव की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि उपार्जन कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्म चारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

## एक नजर में




### समर कैंप से निखर रही बच्चों की प्रतिभा

**शाढ़ौरा।** द्रोपदी पब्लिक हायर सेकेंडरी विद्यालय में गर्मी की छुट्टियों के अवसर पर समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में बड़ी संख्या में बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। कैंप का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। इसके अंतर्गत चित्रकला, नृत्य, संगीत, योग, खेलकूद और हस्तकला जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को नई-नई तकनीकों की जानकारी दी जा रही है तथा उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं।अभिभावकों ने भी इस आयोजन की सराहना की है। यह समर कैंप 01 मई से 15 मई तक आयोजित किया जा रहा है।



### बुद्ध की जयंती पर निकाला चल समारोह

**चंदेरी।** नगर में अहिरवार समाज के द्वारा गौतम बुद्ध की जयंती पर भव्य चल समारोह निकाला गया, यह सामारोह मुख्य मार्गों से होता हुआ सदर बाजार, पुराना बस स्टैंड होते हुए बायपास रोड पर स्थित बुद्ध विहार पर संपन्न हुआ। जहां समाज के प्रमुख लोगों ने गौतम बुद्ध की जीवन पर प्रकाश डाला और उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। गौतम बुद्ध का जन्म लुंबिनी में 563 ईसा पूर्व अनार्य शाक्य कुल के राजा शुद्धोधन के घर में हुआ था। उनकी मां का नाम महामाया था जो कोलीय वंश से थीं, जिनका इनके जन्म के सात दिन बाद निधन हुआ, उनका पालन महारानी की छोटी सगी बहन महाप्रजापती गौतमी ने किया। 29 वर्ष की आयु में सिद्धार्थ विवाहोपरांत एक मात्र प्रथम नवजात शिशु राहुल और धर्मपत्नी यशोधरा को त्यागकर संसार को जरा,मरण,दुखों से मुक्ति दिलाने के मार्ग एवं सत्य दिव्य ज्ञान की खोज में रात्रि में राजपाठ का मोह त्यागकर वन की ओर चले गए ।वर्षों की कठोर साधना के पश्चात बोध गया (बिहार) में बोधि वृक्ष के नीचे उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे सिद्धार्थ गौतम से भगवान बुद्ध बन गए।

### कलेक्ट्रेट में हुआ राष्ट्र-गीत एवं राष्ट्र-गान का सामूहिक गायन

**अशोकनगर।** मई माह के प्रथम दिवस पर शुक्रवार को कलेक्ट्रे ट सभाकक्ष में राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन हुआ।

# कुत्तों का आतंक, मवेशियों और बच्चों को बना रहे निशाना

## नगर में हर जगह हो रहे जानलेवा हमले, गहरी नींद में सोया नगर परिषद प्रशासन

**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा। शहर की गलियां इन दिनों सुरक्षित नहीं रह गई हैं। आवारा और हिंसक कुत्तों के झुंडों ने नगर के विभिन्न वार्डों में ऐसा आतंक मचाया है कि लोग अब शाम ढलते ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं।** सबसे डरावनी स्थिति बेजुबान गौ-वंश की है, जिन्हें ये कुत्ते घेरकर लहूलुहान कर रहे हैं। इस गंभीर समस्या से आक्रोशित होकर श्री नारायण दास गौ सेवा समिति और नगर के जागरूक नागरिकों ने नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर जमकर नाराजगी जाहिर की और प्रशासन को चेतावनी भरा ज्ञापन सौंपा।




**प्रशासन की अनदेखी पर बरसे नागरिक:**

ज्ञापन सौंपने पहुंचे नागरिकों ने दो टूक शब्दों में कहा कि कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि वे निरीह गायों और उनके बछड़ों को शिकार बना रहे हैं। कई बछड़े इन हमलों में गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। यही नहीं, राह चलते बच्चों और बुजुर्गों पर भी ये कुत्ते हमला करने से नहीं चूक रहे हैं। नागरिकों का आरोप है कि पूर्व में भी इस समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन नगर परिषद कुंभकर्णी नींद में सोया रहा।

**समाधान नहीं तो होगा उग्र आंदोलन:**

ज्ञापन नायब तहसीलदार कार्तिकेय मुदगिल और सीएमओ शमशाद पठान को सौंपा गया। गौ सेवा समिति के सदस्यों ने साफ कर दिया है कि यदि अगले कुछ दिनों के भीतर इन हिंसक कुत्तों को पकड़कर शहर की सीमा से बाहर नहीं किया गया, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो वे उग्र जन-आंदोलन के लिए विवश होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर परिषद प्रशासन की होगी।

**दबाव के बाद जागा प्रशासन, आनन-फानन में निकाली निविदा:**

नागरिकों के कड़े विरोध और ज्ञापन के बाद नगर परिषद प्रशासन हरकत में आता दिख रहा है। परिषद द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए निविदा (Tender) सूचना जारी की गई है, जिसमें 8 मई 2026 तक इच्छुक ठेकेदारों से आवेदन मांगे गए हैं। अब देखना यह है कि यह केवल कागजी कार्यवाही बनकर रह जाती है या शाढ़ौरा की जनता और गौ-वंश को वाकई इस आतंक से मुक्ति मिलती है।

### पुराने कुओं को करें पुनर्जीवित

**अशोकनगर।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभागों द्वारा कराये जा रहे कार्यों में प्रगति लाई जाए। साथ ही निर्धारित पोर्टल पर कार्यों की प्रगति अपडेट की जाए। ये निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति, जल संरक्षण से जुड़े कार्यों तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री मालवीय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में जल स्रोतों के संरक्षण, पुराने तालाबों एवं कुओं के पुनर्जीवन तथा वर्षा जल संचयन के कार्यों को प्राथमिकता से किय जाये।

# भोपाल सांसद का किया भव्य स्वागत

**नगर में अल्प प्रवास पर आये आलोक शर्मा**

**भाजपा कार्यकर्ताओ में दिखा जोश**

**नवभारत न्यूज**

**मुगावली।** भोपाल से भाजपा के सांसद आलोक शर्मा शुक्रवार को अल्प प्रवास पर मुंगावली पहुंचे। जहां उनके आगमन पर भाजपा जिला महामंत्री नरेश ग्वाल के निवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी ने सांसद शर्मा का शॉल श्री फल एवं पुष्पमालाओं से स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में संगठन से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सांसद आलोक शर्मा ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि पार्टी की सफलता में जमीनी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, जिलाउपाध्यक्ष मनीष मोदी, मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र परिहार, मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अजितेश श्रीवास्तव, संतोष ओझा, सौरभ सक्सेना, नरेंद्र जाटव, मुकेश खटीक, विक्रम यादव, जड़ेल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# धूमधाम से मनाया नृसिंह प्रकटोत्सव

**शहर के इमली चौराहे पर है मंदिर**

**श्रद्धा एवं उत्साह का देखा गया महौल**

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली। नगर के इमली चौराहा स्थित श्री नृसिंह जी मंदिर में गुरुवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भगवान नृसिंह का प्रकटोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष अभिषेक, पूजन एवं आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।**

कार्यक्रम की शुरुआत पं. महेंद्र सरवैया (डब्बू महाराज) द्वारा भगवान नृसिंह के विधिवत पूजन ,अभिषेक उपरांत हवन आदि से हुई, जिसे मंदिर के पुजारी मनीष दुबे के मार्गदर्शन में सम्पन्न कराया गया। इसके बाद भक्तों ने पूजा-अर्चना कर भगवान से सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में भक्ति गीतों एवं जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

प्रकटोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण भी किया गया।

आयोजन में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया। मंदिर समिति द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया गया।



### लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने में लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है, जिसमें पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रहीं है। जानकारी के मुताबिक मनोज पुत्र उदयभान यादव निवासी ग्राम दमदमा ने बहादुरपुर पुलिस को बताया कि आशीष गुरैया निवासी ग्राम गहोरा थाना ईसागढ़ द्वारा बैंक से 6,00,000 रूपये का लोन दिलाने का प्रलोभन देकर उससे 84,500 रूपये की धोखाधड़ी की गई है। उक्त सूचना पर रिपोर्ट पर थाना बहादुरपुर में अपराध क्रमांक 133/26 धारा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलम यादव को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी बहादुरपुर द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए आरोपी आशीष गुरैया को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर रकम प्राप्त करना स्वीकार किया गया है। प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है एवं अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलम सिंह यादव, सहायक उप निरीक्षक विनोद रघुवंशी, धर्मेन्द्र पलिया, प्रधान आरक्षक सोनू रघुवंशी, आरक्षक करीम खान एवं राजाराम पाल की सराहनीय भूमिका रही।




# पत्रकारों ने कहा लागू हो पत्रकार सुरक्षा कानून, सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** श्रम दिवस के अवसर पर भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला इकाई द्वारा पत्रकारों की सात सूत्रीय मांगो को लेकर एक ज्ञापन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम जिलाध्यक्ष विकास सोनी के नेतृत्व में जिले के पत्रकारों द्वारा सौंपा गया। एडीएम देवकीनंदन सिंह को सौपे ज्ञापन में भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण हेतु यह ज्ञापन आपके समक्ष प्रस्तुत है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारिता समाज को आईना दिखाने और सत्ता की जवाबदेही तय करने का महत्वपूर्ण कार्य करती है। किंतु, अत्यंत खेद का विषय है कि वर्तमान समय में पत्रकारों के लिए कार्यस्थल और क्षेत्र में स्थितियाँ अत्यंत चुनौतीपूर्ण और असुरक्षित होती जा रही हैं। हाल के वर्षों में पत्रकारों पर हमले, फर्जी एफआईआर, रेत एवं भू-माफियाओं द्वारा उत्पीड़न और पुलिस प्रशासन की मनमानी के मामले निरंतर बढ़े हैं व वर्तमान में पत्रकारों के विरुद्ध बढ़ती प्रताड़ना, मानवाधिकारों का हनन और प्राणघातक हमले अत्यंत चिंताजनक हैं। मध्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आई हिंसक घटनाओं की रिपोर्टों से पत्रकार जगत में भय और असुरक्षा का माहौल है। अत पत्रकारों के हित में विभिन्न मांगो को ध्यान में रखते हुए उन्हें अमल में लाए जाए।

**कार्यवाही**

**जब्त मोबाइलों से एक करोड़ का लेनदेन हुआ उजागर**

# ऑनलाइन आईपीएल सट्टा गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

अशोकनगर। चंदेरी पुलिस ने ऑनलाइन आईपीएल सट्टा गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। तो वहीं आरोपियों के मोबाइल से करोड़ो रूपये के लेनदेन होने की बात सामने आई है।

दरअसल गुरूवार को उप निरीक्षक कदम सिंह मीना थाना चंदेरी मय पुलिस बल के साथ कस्बा भ्रमण पर थे। इसी दौरान दिल्ली दरवाजा क्षेत्र में सूचना प्राप्त हुई कि बायपास रोड चंदेरी स्थित तिलक ढाबा के समीप दो व्यक्ति अपने मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन आईपीएल सट्टा खेल रहे हैं एवं अन्य व्यक्तियों को भी सट्टा खिलवा रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल बताए गए स्थान पर दबिश दी गई, जहां दो जितेन्द्र धाकड़ पुत्र वीरेन्द्र सिंह धाकड़ निवासी ग्राम मनोहरपुरा थाना पहाड़गढ़ जिला मुरैना एवं सौरभ सैन पुत्र राजेन्द्र सेन निवासी चंदेरी रोड मुंगावली द्वारा ऑनलाइन सट्टा खिलाया जा रहा था, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। साथ आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन एवं एक महिन्द्रा कार जप्त की गई। मोबाइल फोन की तकनीकी जांच करने पर ऑनलाइन सट्टा संचालन से संबंधित लिंक, विभिन्न आईडी एवं लगभग एक करोड़ रुपये के लेन-देन से संबंधित विस्तृत डिजिटल साक्ष्य प्राप्त हुए। आरोपियों द्वारा संगठित तरीके से आईपीएल मैचों पर सट्टा संचालित किया जा रहा था। उक्त प्रकरण में थाना चंदेरी में अपराध क्रमांक 244/2026 पंजीबद्ध कर धारा 4(क) पब्लिक गैंबलिंग एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 112(1), 318(4) के अंतर्गत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। वहीं पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह सट्टा संचालन हेतु आईडी अन्य आरोपी दीपक धाकड़ निवासी केलारस जिला मुरैना से प्राप्त करते थे। प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी दीपक धाकड़ को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में एक अन्य आरोपी निखिल पंवार निवासी मुंगावली की संलिप्तता सामने आई है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।




**इनकी रही सराहनीय भूमिका:**

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशांत यादव, उप निरीक्षक जोगेन्द्र यादव, कदम सिंह मीना, प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र कुमार, आरक्षक योगेन्द्र रघुवंशी, दिलीप ओझा, आनंद सिंह राजपूत, वैभव सक्सेना एवं रामकुमार साहू एवं साइबर सेल टीम से उप निरीक्षक मसीह खान, उप निरीक्षक पुनीत दीक्षित, सहायक उप निरीक्षक अभिजीत विसेन एवं सहायक उप निरीक्षक संजय गुप्ता की सराहनीय भूमिका रही।